बंदरबांट | आखिर किसके संरक्षण में फल-फूल रहा घोटाला, सीईओ से जांच की मांग

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्राम पंचायत उमरिया बकेली

चिल्हारी नवभारत 18 जुलाई। मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत उमरिया इस समय भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अखाड़ा बन चुकी है। विकास कार्यों के नाम पर यहां जनता के पैसों की ऐसी बंदरबांट मची है कि नियम-कायदे तार-तार हो चुके हैं।

उमरिया में सीसी रोड निर्माण से लेकर पंचायत परिसर के जीर्णोद्धार तक, हर काम सिर्फ कागजों और फर्जी हाजिरी के भरोसे चल रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासनिक नाक के नीचे चल रहे इस खेल पर आखिर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? आखिर इन भ्रष्टाचारियों को किसका संरक्षण प्राप्त है?

चहेतों के खातों में जा रहा मजदूरी का पैसा

पंचायत की तानाशाही और मनमानी का आलम देखिए कि सीसी रोड का निर्माण धड़ल्ले से जेसीबी और मिक्सर मशीनों द्वारा कराया गया। नरेगा (मनरेगा) की गाइडलाइन साफ कहती है कि स्थानीय मजदूरों को रोजगार दिया जाए, लेकिन उमरिया सरपंच लौकेश कुशवाहा ने सारे नियमों को ताक पर रख दिया। मशीनों से काम कराकर, मस्टर रोल में अपने चहेतों और सगे-संबंधियों की फर्जी हाजिरी भर दी गई।

तारीखों के साथ फर्जीवाड़े का खेल

से सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि 13 जून 2026 से 19 जून 2026 के बीच नरेगा के तहत बड़े पैमाने पर फर्जी हाजिरी दर्ज की गई। 10 से 12 लाख रुपये के भारी भरकम स्टीमेट वाली इस सीसी रोड में सामग्री और मजदूरी का जो अनुपात होना चाहिए था, उसे पूरी तरह गायब कर दिया गया। धरातल पर काम की गुणवत्ता शून्य है, लेकिन मस्टर रोल में सरपंच ने बिना किसी डर के अपने समाज और करीबियों के नाम चढ़ा दिए।

भाई को बांट दिया पीएम आवास

सरपंच की दबंगई यहीं नहीं रुकी। शासकीय नियमों के अनुसार कोई भी जनप्रतिनिधि अपने परिवार या सगे भाई को सीधे तौर पर योजनाओं का अनुचित लाभ नहीं दे सकता। परंतु, उमरिया सरपंच ने नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अपने सगे भाई को ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ रेवड़ी की तरह बांट दिया।

सरपंच, सचिव और इंजीनियर की त्रिमूर्ति का गठजोड़

बिना किसी डर और खौफ के चल रहे इस महाघोटाले के पीछे सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत साफ नजर आ रही है। तकनीकी मूल्यांकन से लेकर मस्टर रोल वेरिफिकेशन तक, सब कुछ बंद कमरों में बैठकर मैनेज किया जा रहा है।

इन नामों पर लगी फर्जी हाजिरी

बृजेश काछी, दुर्गाबाई कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, विनोद कुमार कुशवाहा, लाल काछी, फूलबाई कुशवाहा, लखन काछी, कमलेश कुशवाहा, गोमती बाई कुशवाहा, रामकुमार, रामदुलारे कुशवाहा, रमाबाई कुशवाहा, ओम प्रकाश कुशवाहा, अमृत लाल, पूरण काछी, झल्लू काछी, उमाशंकर और रामशरण। इन सभी के नाम से फर्जी हाजिरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है, जिसके पुख्ता मस्टर रोल नंबर और प्रमाण मौजूद हैं।

विद्यालय समय पर नहीं खुलने पर एसडीएम सख्त

हाईस्कूल घानाघाट का किया औचक निरीक्षण

प्राचार्य की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

डिंडौरी, नवभारत 18 जुलाई। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार शनिवार को एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन ने शासकीय हाई स्कूल घानाघाट एवं एकीकृत माध्यमिक शाला घानाघाट का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शासकीय हाई स्कूल घानाघाट में विद्यालय समय पर संचालित नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को कड़ी हिदायत दी।औचक निरीक्षण के दौरान प्रातः लगभग 10:30 बजे विद्यालय का मुख्य द्वार बंद मिला और छात्र-छात्राएं परिसर के बाहर बैठे हुए पाए गए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य रामलाल रजक भी अनुपस्थित थे, जबकि अन्य शिक्षक बाद में विद्यालय पहुंचे।

शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहने के दिए निर्देश- एसडीएम रामबाबू देवांगन ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने तथा सभी शिक्षकों को समय से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सामान्य ज्ञान एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अभी से शुरू करने और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

मध्यान्ह भोजन का लिया जायजा-इसके बाद एसडीएम ने एकीकृत माध्यमिक शाला घानाघाट का भी निरीक्षण किया। यहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। उन्होंने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं नियमित शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

जेल में दो बंदियों के बीच झड़प, बदले गए बैरक

नवभारत, जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल के भीतर शुक्रवार को सुबह दो बंदियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना के बाद जेल परिसर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में प्रहरियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। इसके बाद जेल प्रशासन ने दोनों के बैरक बदल दिए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों बंदियों के बीच तकरीबन दो साल पहले किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। जेल के भीतर रहने के बावजूद दोनों के दिलों में एक-दूसरे के

प्रति गुस्सा शांत नहीं हुआ था। शुक्रवार सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों का आमना-सामना हुआ, पुरानी खुन्नस फिर से बाहर आ गई और दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया । बंदियों के बीच शुरुआत तू-तू, मैं-मैं से हुई । देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना के बाद जेल परिसर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में प्रहरियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। जेल उप अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि दो बंदियों के बीच मामूली विवाद हुआ था। जानकारी मिलते ही सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया था। दोबारा उनके बीच में ऐसी स्थिति न बने इसे रोकने के लिए ज दोनों ही बंदियों के बेरियर (बैरक) अलग-अलग कर दिए हैं। अब दोनों को जेल के अलग-अलग कोनों में कड़ी निगरानी के बीच रखा गया है।

अंधविश्वास के शक में बुजुर्ग महिला की कर दी थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

जादू-टोना के शक में कुल्हाड़ी से की थी हत्या

पुलिस ने हथियार और मोबाइल किया जब्त

शहडोल। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जयसिंहनगर थाना पुलिस ने ग्राम कनाड़ीकला में हुई वृद्ध महिला की हत्या का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने जादू-टोना के अंधविश्वास के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार 6 जुलाई 2026 को

फरियादी महेंद्र यादव ने सूचना दी थी कि उसकी मां गेंदा बाई यादव बाजार से घर लौटते समय ग्राम कनाड़ीकला स्थित बड़ादेव के पास कुल्हड़िया नदी की धार में मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। सूचना पर जयसिंहनगर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। विवेचना के दौरान जुटाए गए मौखिक, परिस्थितिजन्य और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अनिल यादव और सुनील यादव से अलग-अलग पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया।आरोपियों ने बताया कि उन्हें मृतका गेंदा बाई यादव पर जादू-टोना करने का संदेह था। उनका मानना था कि मृतका द्वारा टोना-टोटका किए जाने के कारण उनके परिवार की मां लगातार बीमार रहती थी। इसी अंधविश्वास के चलते दोनों ने पहले से हत्या की योजना बनाई। योजना के अनुसार सुनील यादव कुल्हड़िया नदी के पास कुल्हाड़ी लेकर पहले से घात लगाए बैठा था। जैसे ही गेंदा बाई वहां पहुंचीं, अनिल यादव ने पीछे से कुल्हाड़ी से गर्दन पर लगातार वार कर उनकी हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अनिल यादव (22 वर्ष) एवं सुनील यादव (25 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम कनाड़ीखुर्द, थाना जयसिंहनगर, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई में एसडीओपी ब्यौहारी ऋषभ छारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा सहित जयसिंहनगर थाना स्टाफ एवं साइबर सेल शहडोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर में

लोडिंग वाहन ने मासूम को कुचला, हुई मौत

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में लोडिंग वाहन के कुचलने से घायल मासूम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि कुमारी अहाना भदौरिया 6 वर्ष निवासी गौतमनगर महाराजपुर अधारताल की गुरूवार दोपहर लगभग 1 बजे महाराजपुर चौक अधारताल में सड़क दुर्घटना में घायल होने से पिता धीरेन्द्र भदौरिया द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के रात लगभग 11-50 बजे मौत हो गयी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका स्कूल गई हुई थी। उसके दादा गोवर्धन सिंह स्कूटी से उसे घर लेकर लौट रहे थे वह जैसे ही महाराजपुर पहुंचे तभी अज्ञात लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी थी । टक्कर इतनी जोरदार रही कि गोवर्धन सिंह गिर गए और अहाना को अज्ञात वाहन रौंदते हुए आगे बढ़ गया था । गंभीर चोटें आने पर अहाना को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

24 सौ रुपए में एनपीके खरीदने विवश किसान

नहीं मिल रही डीएपी खाद

कृषि विभाग दे रहा आपूर्ति का आश्वासन

उमरिया नवभारत 18 जुलाई। जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही डीएपी खाद की भारी किल्लत शुरू हो गई है। डीएपी की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने के कारण किसानों को मजबूरी में महंगी एनपीके खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे इस सीजन में उनकी खेती की लागत काफी बढ़ गई है।

किसानों के अनुसार, जहां डीएपी खाद 1300 से 1400 रुपए प्रति बोरी में आसानी से मिल जाती थी, वहीं अब विकल्प नहीं होने के कारण उन्हें एनपीके खाद के लिए

1900 से लेकर 2400 रुपए प्रति बोरी तक भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। इस खर्च ने किसानों का पूरा कृषि बजट बिगाड़ कर रख दिया है।

दोनों खाद मिलने से उत्पादन बेहतर होगा

यह संकट किसी एक गांव का नहीं, बल्कि पूरे जिले के किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। किसानों को मिले आर्थिक क्षमता के अनुसार खाद-इस समस्या को लेकर युवा जरूरत और अपनी जेब के अनुसार सही खाद चुन सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी एक ही विकल्प के भरोसे छोड़ना ठीक नहीं है, दोनों खाद मिलने से उत्पादन भी बेहतर होगा।

जिले में डीएपी का रैक नहीं लगने से संकट : परिहार

इस किल्लत पर कृषि विभाग के अधिकारी आरएन सिंह परिहार ने बताया कि जिले में डीएपी का रैक नहीं लग पाने की वजह से यह अस्थायी संकट खड़ा हुआ है। डीएपी की सप्लाई जल्द बहाल कराने के लिए उच्च अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि एनपीके खाद भले ही डीएपी से महंगी है, लेकिन यह फसलों के लिए एक बेहतरीन और लाभदायक विकल्प है।

डीएपी की खेप जल्द पहुंचने की उम्मीद

विभाग को उम्मीद है कि जल्द ही डीएपी की खेप जिले में पहुंचेगी। कई किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन में किसानों को उनकी जरूरत और बजट के हिसाब से खाद मिलनी चाहिए। सरकार को सभी सेवा सहकारी समितियों में एनपीके के साथ-साथ डीएपी 1 (18-46) खाद का भी पर्याप्त स्टॉक रखना चाहिए। इससे किसान अपनी जमीन की उपज अच्छी तरह उगा सकें।

शहडोल की किसान दीदियों ने सीखे ड्रैगन फ्रूट की नई तकनीकी से खेती करने के गुरु

आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने से बढ़ेगी आय

शहडोल। महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश आजीविका मिशन के तहत शहडोल जिले की छह किसान दीदियों को गुजरात के भुज जिले में ड्रैगन फ्रूट की उन्नत खेती का प्रशिक्षण दिलाया गया।9 से 15 जुलाई तक आयोजित एक्सपोजर विजिट के दौरान महिलाओं ने आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यावहारिक अध्ययन कर खेती में नवाचार की जानकारी प्राप्त की।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित इस अध्ययन भ्रमण में किसान दीदियों ने ड्रैगन

फ्रूट की खेती के विभिन्न पहलुओं, जैसे पौधरोपण, सिंचाई प्रबंधन, पोषण प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण, फसल रखरखाव तथा विपणन प्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों से संवाद कर उन्होंने खेती के सफल मॉडल और आधुनिक तकनीकों को भी नजदीक से समझा।

अधिकारियों ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ना, उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध कराना तथा अपने-अपने क्षेत्रों में ड्रैगन फ्रूट जैसी नकदी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

सोशल मीडिया में भगवान श्रीराम पर आपत्तिजनक पोस्ट

मामला दर्ज

शहपुरा नवभारत। गवान श्रीराम से संबंधित कथित आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल ने शहपुरा थाने में शिकायत दर्ज कर संबंधित युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बजरंग दल के महामंत्री हिमांशु अग्रवाल द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन के अनुसार, 13 जुलाई को सूचना मिली कि विवेक शर्मा नामक युवक अपने व्हाट्सएप स्टेटस और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर भगवान श्रीराम के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और चित्र साझा कर रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इन पोस्टों से सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

कठोर कार्रवाई की मांग- शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की सामग्री सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है और विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। संगठन ने भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के साथ कथित आपत्तिजनक पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे गए हैं।

टेंट संचालक को पीटा

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत उडना सडक में दो बदमाशों ने टेंट संचालक की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक अमित साहू 29 वर्ष निवासी उडना सडक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टेंट हाउस चलाता है बीती रात लगभग 8-30 बजे वह एवं अभिषेक यायदव दोनों उडना तिराहा में खड़े थे तभी गोविन्द सिंह लोधी, आकरविवाद करते हुये बोला कि तुम्हारे चाचा का लडका साकाल कहा है और गोविन्द सिंह लोधी उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, तभी गोविन्द सिंह लोधी का अरविन्द लोधी भी आकर मारपीट करने लगा तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

धमोखर रेंज में बाघ शावक का मिला शव

सिर की हड्डियों में फैक्चर होना पाया गया, वन विभाग अलर्ट

चिल्हारी नवभारत 18 जुलाई। टाइगर रिजर्व के धमोखर रेंज में शुक्रवार को एक मादा बाघ शावक मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग अलर्ट मोड पर है।

वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर द्वारा किए गए प्राथमिक परीक्षण में शावक के सिर की हड्डियों में फैक्चर होना पाया गया है। इसके साथ ही मृत शरीर पर नाखून और दांत के निशान भी मिलने की बात कही जा रही है। इन प्रारंभिक तथ्यों ने

शावक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

इलाके की सघन सर्चिंग की गई

घटना की गंभीरता को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय स्वयं घटनास्थल पहुंचे और निरीक्षण किया। वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी के मौके पर पहुंचने से पहले डॉग स्क्वाड द्वारा इलाके की सघन सर्चिंग कराई गई तथा मेटल डिटेक्टर से भी पूरे क्षेत्र की जांच की गई।

जांच में नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

वन विभाग की माने तो जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु घटना स्थल पर बरामद नहीं हुई। बताया जाता है कि शावक के शव को सुरक्षित रख लिया गया है। शनिवार को विधिवत पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पीएम के बाद वास्तविक कारणों का चलेगा पता

हालांकि वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। बताया जाता है कि शुक्रवार को धमोखर रेंज अंतर्गत बीट धमोखर की सीमा से लगभग 500 मीटर दूर ग्राम चापर के राजस्व क्षेत्र में मिले शावक के शव की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू कर दी गई।

निरीक्षण | कलेक्टर ने आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी का किया दौरा

खाद वितरण में पारदर्शिता व उपलब्धता पर दिया जोर

डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत 18 जुलाई। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

उन्होंने खाद्य विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राई, सांदीपनी विद्यालय राई, ग्राम जरहा नैझर में संचालित 'मां की बगिया', जनकल्याण शिविर तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहंदवानी का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

योजनाओं के प्रचार-प्रसार की समीक्षा की

कलेक्टर ने खाद्य विभाग के

निरीक्षण के दौरान फसल बीमा योजना, किसान पंजीयन, दावों के निराकरण तथा योजना के प्रचार-प्रसार की समीक्षा की। उन्होंने पात्र किसानों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लेते हुए टोकन प्रणाली को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने तथा वर्तमान कृषि सीजन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से की बातचीत

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राई में कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, अभिलेखों के संधारण और साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

टीबी मरीजों को वितरित की पोषण किट

मेहंदवानी में आयोजित जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जबकि कृषि विभाग ने किसानों को योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। समग्र आईडी, आधार कार्ड, संबल योजना सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

23 चेक बाउंस के मामलों का हुआ निराकरण

लोक अदालत में एक करोड़ से अधिक राशि के अवॉर्ड पारित

शहडोल। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले के न्यायालयों में चेक अनादरण (एन.आई. एक्ट की धारा 138) विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय सहित ब्यौहारी, बुढ़ार एवं जयसिंहनगर न्यायालयों में आयोजित इस विशेष लोक अदालत में 23 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया गया तथा 1 करोड़ 3 लाख 17 हजार 419 रुपये की राशि के अवार्ड पारित किए गए। विशेष लोक अदालत का शुभारंभ द्वितीय अपर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्षता कर रहे के.पी. सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से राजीनामे से प्रकरणों का निराकरण होने पर दोनों पक्षों को लाभ मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराने की अपील की। जिले में इस विशेष लोक अदालत के लिए कुल 7 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया था। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सीता शरण यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता परते तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेंद्र सिंह परस्ते, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल इमरान खान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य, न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफ उपस्थित रहा।